जिला हॉस्पिटल में स्पेशल न्यू बोर्न यूनिट शुरू

- अब नवजात बच्चों को गंभीर हालत होने पर पीबीएम अस्पताल रैफर नहीं करना पड़ेगा और गर्भवती महिलाओं और बच्चों के लिए एक साथ तीन नई यूनिट एक अप्रैल से शुरू होगी
- एसएनसीयू यूनिट और एमएनसीयू यूनिट दोनों में चौबीस-चौबीस बैड क्षमता की है, 1100 ग्राम तक के बच्चे का सफल उपचार होगा

बीकानेर,(कासं)। पीबीएम हॉस्पिटल के बाद अब जस्सूसर गेट स्थित जिला अस्पताल में स्पेशल न्यू बोर्न यूनिट शुरू हो गई है। अब नवजात बच्चों को गंभीर हालत होने पर पीबीएम अस्पताल रैफर नहीं करना पड़ेगा। गर्भवती महिलाओं और बच्चों के लिए एक साथ तीन नई यूनिट एक अप्रैल से शुरू होगी।

एसडीएम राजकीय जिला हॉस्पिटल के अधीक्षक डॉ. सुनील हर्ष ने बताया कि पूर्व मे निर्मित तीन महत्वपूर्ण यूनिट्स एसएनसीयू (स्पेशल न्यूबोर्न केयर यूनिट), एमएनसीयू (मेटरनल एंड न्यूबोर्न केयर यूनिट) और एफपीसीयू (फेमिली पार्टीसिपेटरी केयर यूनिट) का 1 अप्रैल से संचालन शुरू हो जायेगा। स्पेशल न्यूबोर्न केयर यूनिट में जन्म से 28 दिन की उम्र तक के नवजात शिशुओं के लिए आईसीयू सुविधाओं का संचालन किया जाता है। जिसमें इन नवजातों की विभिन्न बीमारियों और समस्याओं जैसे प्री-मैच्योरिटी, सेप्टीसीमिया, पीलिया, श्वसन संबंधी रोगों, कमेड़े आना और अल्प व अत्यधिक अल्प वजन के बच्चों का इलाज विशेष रूप से किया जाता है।

मेटरनल एंड न्यूबोर्न यूनिट में ऐसे अपेक्षाकृत कम लक्षणों और समस्याओं वाले बच्चों को उनकी माता के साथ ही भर्ती किया जाता है ताकि नवजात शिशुओं को इलाज के साथ- साथ अपनी मां का सुलभ सानिध्य मिल सके। फेमिली पार्टीसिपेटरी केयर यूनिट में माताओं को नवजात शिशुओं के केयर के लिए काउंसलिंग का काम किया जाता है। इन यूनिट्स के प्रभारी नवजात एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ प्रवीण चतुर्वेदी ने बताया कि इस प्रकार की यूनिट्स मे नवजात शिशुओं को समय रहते इलाज देने से नवजात शिशु मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर पर प्रभावी रोकथाम लगाई जा सकती है और मरीजों को टर्शियरी लेवल की चिकित्सा सुविधाएं मिलेंगी

वर्तमान में अस्पताल में डॉ प्रवीण चतुर्वेदी के निर्देशन में सीनियर रेजिडेंट डॉ मनीष पुष्करणा और नर्सिंग प्रभारी अमित वशिष्ठ एवं अन्य प्रशिक्षण प्राप्त नर्सिंग स्टाफ द्वारा यूनिट्स में सेवाएं दी जा रही है। जिन्हें राज्य सरकार द्वारा इस के लिए समय-समय पर विशेष प्रशिक्षण दिया जाता रहा है। एमएनसीयू में जहां नवजात शिशुओं की माताओं को उच्च कोटि का पोषक तत्वों से भरपूर भोजन देने के साथ- साथ माताओं को स्तन पान प्रबंधन, कॉलोस्ट्रोम की उपयोगिता, साफ-सफाई रखने, संक्रमण से बचाव, कंगारू मदर केयर एवं अस्पताल से डिस्चार्ज के बाद शिशु के स्वास्थ्य के देखभाल संबंधी जानकारी दी जाती है और उनकी काउंसलिंग की जाती है। नवजात शिशुओं के उपचार हेतु इन यूनिट्स मे मॉडर्न फोटोथैरेपी, रेडिएंट वार्मर, बबल सीपैप मशीन, वेंटिलेटर, कार्डियक मॉनिटर, डिफीब्रीलेटर, बिली रूबिनोमीटर, इंफ्यूजन पंप आदि की सुविधा उपलब्ध है। वर्तमान में जिला अस्पताल में निर्मित और संचालित होने वाली एसएनसीयू यूनिट और एमएनसीयू यूनिट दोनों चौबीस-चौबीस बैड क्षमता की है। जिसका निर्माण तीन वर्ष से अधिक समय पूर्व केन्द्र सरकार के कार्यक्रम राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत के करवाया गया था। स्टाफ की नियुक्ति नहीं होने के कारण इनमें से केवल अस्पताल में जन्मे नवजात शिशुओं का ही उपचार करते हुए प्रायोगिक रूप से चलाया जा रहा था। पिछले एक साल मे 400 से अधिक नवजात शिशुओं का सफल उपचार किया जा चुका है। जिसमें 1100 ग्राम के बच्चे का दो माह तक सफल उपचार भी शामिल है। इन यूनिट्स का निर्माण अस्पताल में जन्मे नवजात शिशुओं के साथ- साथ अस्पताल से बाहर सबसेंटर, पीएचसी और सीएचसी के साथ साथ निजी अस्पतालों में जन्मे नवजात शिशुओं के रेफरल पर उपचार की सुविधा है। सरकारी क्षेत्र में बीकानेर में यह पीबीएम के बाद एसडीएम जिला अस्पताल में दूसरी यूनिट है।

बिहाणी आज करेंगे लोकार्पण व शिलान्यास

श्रीगंगानगर, (कासं)। गंगानगर विधायक जयदीप बिहाणी 1 अप्रेल 2025 को गंगानगर विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्रों में 80 लाख रूपये की राशि से विभिन्न निर्माण व विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे।

विधायक बिहाणी पंचायत घर नेतेवाला में प्रातः 11 बजे 15 लाख रूपये की लागत से हड्डा रोडी की चारदीवरी मय गेट पिल्लर निर्माण, 5 लाख रूपये की लागत से राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय 1 जी छोटी ढाकावाली में रसोई व प्रार्थना स्थल पर शैड निर्माण कार्य, 10 लाख रूपये की लागत से इंटरलॉकिंग कार्य, 10 लाख रूपये की लागत से मुख्य बस स्टैण्ड पर स्मृति द्वार से जीजी माइनर पुलिया तक इंटरलॉकिंग कार्य का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे।

इसी तरह पंचायत घर 4 एलएल में दोपहर 12.30 बजे 10 लाख रूपये की लागत से इंटरलॉकिंग सडक निर्माण बलवीर सिंह के घर से राउमावि 4 एलएल की ओर, 10 लाख रूपये की लागत से डामर सड़क से गुरूद्वारा साहिब की तरफ इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण 2 एलएल, 2 लाख रूपये की लागत से वॉलीबॉल खेल का मैदान 4 एलएल श्मशान भूमि के पास, 3 लाख रूपये की लागत से विद्यालय में आवश्यक सामग्री उपलब्ध करवाने के कार्य का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे।

महावीर जयंती की तैयारी शुरू

बीकानेर, (कासं)। सकल श्री जैन संघ के सहयोग से जैन यूथ क्लब महावीर जयंती के उपलक्ष में विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभायेगा।

भागीदारी के लिए व्यापक संपर्क अभियान नवकार महामंत्र के साथ शुरू किया गया है। विश्व नवकार महामंत्र दिवस पर जीतो बीकानेर चेप्टर की और से 9 अप्रैल सुबह 8:01 से 9:36 बजे तक तेरापंथ भवन में ही आयोजित महामंगलकारी नवकार महामंत्र के जाप व अन्य कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता निभायेगा। जैन यूथ क्लब के 50 से अधिक युवक गंगाशहर, भीनासर, उदासर व बीकानेर विभिन्न मोहल्लों, नव विकसित कॉलोनियों के 11 हजार से अधिक श्रावक-श्राविकाओं से सोशल मीडिया के माध्यम से सम्पर्क कर 9 अप्रैल को आत्म शुद्धि के लिए तेरापंथ भवन में होने वाले सामूहिक नवकार महामंत्र जाप व 10 अप्रैल को कर्म निर्जरा को समर्पित विशाल सामूहिक एकासना में अधिकाधिक श्रावक-श्राविकाओं की भागीदारी के लिए विनती कर रहा है।

जैन यूथ क्लब के सदस्य दर्शन सोनावत ने बताया कि संपर्क के दौरान हर घर को इस धार्मिक अनुष्ठान से जोड़ा जा रहा है। जैन यूथ क्लब 10 अप्रेल को महावीर जयंती पर जैन महासभा के द्वारा आयोजित अहिंसा यात्रा सुबह साढ़े सात बजे दिगम्बर जैन नसियां व भीनासर की जवाहर विद्यापीठ से निकलने वाली अहिंसा यात्रा में श्रावक-श्राविका शामिल होंगे।

सार-समाचार

खुशी भादाणी ने जीता कांस्य पदक

खेलो इंडिया पैरा टेबल टेनिस टूर्नामेंट में बीकानेर की बेटी खुशी भादाणी ने कांस्य पदक जीता।

बीकानेर, (कासं)। बीकानेर की बेटी खुशी भादाणी ने खेलो इंडिया पैरा टेबल टेनिस टूर्नामेंट में कांस्य पदक जीता। यह टूर्नामेंट नई दिल्ली के इन्दिरा गांधी के इण्डोर स्टेडियम में 25 से 27 मार्च 2025 तक आयोजित हुआ। जिसमें खुशी भादाणी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी कल्पना गोस्वामी (गुजरात) 11-8, 11-6 व 12-10 से पराजित करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। इसका सीधा लाइव प्रसारण दिल्ली दूरदर्शन द्वारा दिखाया गया। इससे पहले भी खुशी के द्वारा माह अक्टूबर 2024 में जोधपुर में आयोजित स्टेट पैरा टेबल टेनिस चैम्पियशिप में स्वर्ण पदक अपने नाम किया था। खुशी भादाणी ने इस जीत का श्रेय अपने कोच कमलकांत शर्मा व महेश दोनों को दिया। क्योंकि खुशी ने कहा कि इस जीत का श्रेय मेरे गुरू बिना संभव नहीं था। खुशी ने खेलो इंडिया नेशनल टूर्नामेंट में कांस्य पदक जीत कर बीकानेर और राजस्थान का गौरव बढ़ाया है। इस मौके पर खुशी के परिवारजन व मौहल्ले-वासियों ने रेलवे स्टेशन पर आकर खुशी व कोच कमलकांत शर्मा का माला पहनाकर भव्य स्वागत किया एवं खुशी को उसके उज्ज्वल जीवन की कामना का आशीर्वाद दिया।

हवन के साथ नवाह्न परायण पाठ

सुजानदेसर स्थित रामझरोखा कैलाशधाम में नवरात्र पर सरजूदास महाराज ने नवाह्न पारायण पाठ किया।

बीकानेर, (कासं)। श्रीसियारामजी गुरू महाराज एवं परम पूज्य रामदासजी महाराज की कृपा से गंगाशहर सुजानदेसर स्थित रामझरोखा कैलाशधाम में नवरात्रा स्थापना से नवाह्न पारायण पाठ एवं नित्य हवन का शुभारम्भ किया गया। राष्ट्रीय संत सरजूदास महाराज ने बताया कि चैत्र नवरात्रि पर घट स्थापना के साथ ही जप-तप और आराधना का महत्व बढ़ जाता है। इस दौरान नवाह्न परायण के पाठ और हवन का आयोजन कर श्रद्धालुओं को पुण्यलाभ प्रदान किया जा रहा है। रविवार को पुजारी विष्णुदास महाराज ने पूजन किया तथा सुरेश पंडित ने हवन कार्यक्रम सम्पन्न करवाया। रामझरोखा कैलाशधाम के पीठाधीश्वर सरजूदास महाराज ने बताया कि सुबह 7 बजे से 9 बजे तक नवाह्न पारायण पाठ होंगे तथा 10 से 11 बजे तक हवन किया जायेगा।

महिलाओं ने की ईशर-गौरी की पूजा

श्रीगंगानगर, (कासं)। जिले के जैतसर कस्बे में चैत्र शुक्ल पक्ष की तीज पर सोमवार को गणगौर पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर महिलाओं ने व्रत रखकर कुआं पूजन की परंपरा का पालन किया और ईशर और गौरी की पूजा की। गणगौर पर्व के दौरान मिट्टी और लकड़ी से बनी ईशर और गौरी की प्रतिमाओं की स्थापना की गई। विवाहित महिलाएं और अविवाहित युवतियां कुआं पूजन के लिए जलदाय विभाग परिसर में पहुंची। यहां महिलाओं ने विशेष रूप से ईशर और गौरी के विवाह की रस्में अदा की। पूजा के दौरान महिलाएं पारंपरिक मांगलिक गीत गाती हुई नजर आई। इसके साथ ही घरों में बूर घास और बाजरे के आटे से ढोकलियां बनाई गई। पूजा के बाद इन ढोकलियों को ईशर और गौरी को प्रसाद स्वरूप अर्पित किया। फिर इन ढोकलियों का वितरण आस-पास के घरों में किया गया। गणगौर पर्व की पूजा तीज से शुरू होकर 16 दिनों तक चलती है, जिसके बाद क्षेत्र में पर्व का समापन हुआ। यह पर्व महिलाओं के लिए विशेष रूप से सौभाग्य, समृद्धि और खुशहाली की कामना करने का अवसर होता है।

कर्मचारी महासंघ की बैठक

बीकानेर,(कासं)। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी महासंघ (एकीकृत) जिला शाखा बीकानेर की बैठक गांधी पार्क में अयोजित की गई। जिसमें जयगोपाल जोशी मुख्य सरंक्षक ने कहा कि कर्मचारियों की वेतन विंसगतियों को दूर करने के लिये खेमराज कमेटी ने अपनी रिपोर्ट दी है। उसमें कर्मचारी अपने आपको ठगा सा महसूस कर रहा है। राजकुमार व्यास लैब टैक्नीशियन नेता ने कहा कि वर्तमान में सरकार की चेतना जागृत करने लिये सबको एक साथ एकत्रित होकर संघर्ष करना है। इदरीश अहमद ने कहा कि एकीकृत महासंघ ने जब-जब कर्मचारियों की मांगें उठाई है, सरकार सतर्क हुई है। अध्यक्षीय भाषण में जिला अध्यक्ष आनन्द पणिया ने कहा कि खेमराज कमेटी से कर्मचारियों को शून्य लाभ हुआ है। हमें इस कमेटी से बहुत उम्मीदें थी मगर संवर्ग को कुछ नहीं मिला। प्रदेश आव्हान है कि सरकार को जगाने के लिये सभी कर्मचारी एक साथ मिलकर संघर्ष का बिगुल बजायेंगे और शीघ्र मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर बीकानेर को ज्ञापन सौंपा जायेगा। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश संगठन मंत्री राजकुमार जीनगर ने किया।

वीरान पड़ी जोड़बीड़ योजना सरकारी दफ्तरों से होगी गुलजार

- 10 बीघा के कैम्पस में होगा बीडीए आफिस

बीकानेर, (कासं)। 500 हेक्टेयर में बसाई गई जोड़बीड़ योजना के दिन अब फिरने वाले हैं। 2008 में जिन 2732 भूखंडों को खरीदा गया। वहां एक भी मकान अब तक नहीं बना। अब सरकारी महकमों के दफ्तर वहां बनने के बाद इलाके की रंगत बदलने लगेगी। 30 एकड़ जमीन बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय, 16 बीघा जमीन आयुर्वेद कॉलेज और अब 10 बीघा जमीन बीकानेर विकास प्राधिकरण की बिल्डिंग के लिए आवंटित की जा रही है।

अक्टूबर 2018 में बीकानेर तकनीकी विवि को तत्कालीन यूआईटी ने 30 बीघा जमीन फ्री दी थी लेकिन 7 साल बीतने पर भी बीटीयू अपने कुछ कर्मचारियों के दबाव में बिल्डिंग नहीं बना रहा। नियमानुसार अब जमीन के आवंटन निरस्त करने पर भी विचार होने लगा है। हाल ही में आयुर्वेद कॉलेज को आवंटित 16 बीघा जमीन पर जल्दी ही काम शुरू होगा। इस योजना में अब चार चांद तब और लगेंगे। जब यहां बीकानेर तकनीकी विवि. की जमीन आवंटित होने के बाद बिल्डिंग का काम शुरू होगा।

जोड़बीड़ योजना पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने 2008 में यह योजना लांच की थी। वन विभाग की भूमि पर कॉलोनी काटने को लेकर विवाद हुआ और मामला हाईकोर्ट में चला गया। केस पांच साल तक चला। तब यूआईटी ने 500 हेक्टेयर में 5514 भूखंड में से 2732 भूखंड बेच दिए थे। इस वजह से लोगों का रूझान इधर कम हुआ। 2008 में 2732 भूखंड बेचे गए थे। उसमें एक भी मकान नहीं बना। क्योंकि तब यूआईटी साधन-सुविधाएं भी नहीं दे पाई थी।

बीकानेर ईस्ट रेलवे स्टेशन जोड़बीड़ आवासीय योजना से सटा हुआ है। इसलिए यहां डवलपमेंट की संभावना तलाशी जा रही है। रेल बाइपास की संभावना अब शून्य हो गई क्योंकि वर्तमान सरकार ने भी कोटगेट-सांखला फाटक पर अंडर पास-अंडर ब्रिज की परमीशन दी हुई है। लेकिन ईस्ट स्टेशन को भी अगर विकसित कर ट्रेनों का ठहराव शुरू हो तो शहर के भीतर क्रॉसिंग पर जाम की संभावना कम हो सकती है।

जोड़बीड़ योजना को विकसित करने के लिए तत्कालीन यूआईटी ने पहले चरण में ए ब्लॉक पर एक करोड़ रूपए खर्च करने की योजना बनाई थी। इस ब्लॉक में एक ट्यूबवैल तैयार हो चुका है। उसमें से पानी आने लगा है। अब वहां पेयजल के लिए टंकी बनाई जायेगी। इसके अलावा ब्लॉक की गलियों में पक्की सड़कें बनाई गई हैं। चूंकि यह ब्लॉक कॉलोनी में सबसे आगे है। इसलिए इसे पहले डवलप किया जा रहा है ताकि लोग मकान बनाकर रहना शुरू करें।

इस ब्लॉक में करीब 1300 भूखंड हैं। इस जमीन के लिए सरकार को पांच करोड़ 63 लाख रूपए जमा कराये गए थे। वहां एक भी परिवार अब तक नहीं बसा। जो 2723 का आवंटन लाटरी से किया था उसमें 250 ईडब्लयूएस और 250 ही एलआईजी मकान भी हैं।

पुलिस स्थापना दिवस 16 अप्रैल को

बीकानेर, (कासं)। प्रदेश में 16 अप्रैल को सभी रेंज और जिला स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर पुलिस स्थापना दिवस मनाया जाएगा। राज्य स्तरीय आयोजन जयपुर में होगा। 15 अप्रैल को भी रेंज और जिलों में पुलिस स्थापना दिवस के उपलक्ष में थानों, चौकी, पुलिसलाइन और कार्यालयों में स्वच्छता कार्यक्रम, पौधरोपण, रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। सायंकाल सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे जिनमें पुलिसकर्मियों के परिजनों को भी आमंत्रित किया जाएगा। 16 अप्रैल को सभी जिलों में पुलिस और आरएसी के बैंड प्रमुख स्थानों पर आमजन के समक्ष स्वर लहरियां बिखेरेंगे।

रेंज और जिला स्तर पर पुलिसकर्मियों को विशिष्ट सेवा पदक, पुलिस सेवा पदक, उत्तम, अति उत्तम और सर्वोत्तम सेवाचिह्न दिए जाएंगे। साहसिक कार्य करते हुए आमजन की जीवन रक्षा करने वालों को या घटना-दुर्घटना में कानून का सहयोग करने वालों का सम्मान किया जाएगा। परेड का आयोजन होगा जिसमें विभाग के रिटायर्ड कार्मिकों को भी आमंत्रित किया जाएगा। डीजी यूआर साहू ने निर्देश दिए हैं कि स्थापना दिवस पर प्रदर्शनी का आयोजन भी किया जाए।

पीबीएम अस्पताल में हो सकेगी स्पाइन सर्जरी

- वर्तमान में यह सिस्टम सरकारी क्षेत्र में जयपुर के सवाई मानसिंह हॉस्पिटल में ही है

बीकानेर, (कासं)। रीढ़ की हड्डी यानी स्पाइन सर्जरी के लिए अब चीरा लगाने की जरूरत नहीं होगी। इसका ऑपरेशन अत्याधुनिक दूरबीन तकनीक से बीकानेर में भी किया जा सकेगा।

अभी यह तकनीक जयपुर के एसएमएस हॉस्पिटल में ही है। पीबीएम हॉस्पिटल में प्रदेश की दूसरी हाई डेफिनेशन (एचडी) 4 के 3डी स्पाइनल एंडोस्कोपिक सर्जरी तकनीक विकसित करने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए एक करोड़ 60 लाख में एडवांस ट्रोमा विजुलाइजेशन सिस्टम लगाया जायेगा। वर्तमान में यह सिस्टम सरकारी क्षेत्र में जयपुर के सवाई मानसिंह हॉस्पिटल में ही है। ट्रोमा सेंटर स्थित आर्थोपेडिक्स डिपार्टमेंट में रोज करीब 200 मरीजों की ओपीडी रहती है। इसमें 10 से 12 केस स्पाइन सर्जरी के होते हैं। कुछ महीने दवाएं लेने के बाद उन्हें सर्जरी करवानी ही पड़ती है।

पीबीएम हॉस्पिटल हाई डेफिनेशन 4के 3डी स्पाइनल एंडोस्कोपिक सर्जरी में बारीक टिश्यू की प्रकृति को देखा जा सकता है। रीड की हड्डी के आसपास सभी तरह की नर्व, आर्टरी, वेन्स की पहचान करना आसान है। गलती होने का चांस ना के बराबर रहता। मॉनिटर पर देखकर डॉक्टर स्पाइन की सर्जरी करते हैं। इस सिस्टम से प्रारंभिक स्टेज में ही मरीज के रीढ़ की हड्डी की बीमारी का पता चल सकता है।

एक छोटा सा छेद कर दूरबीन को अंदर भेजा जाता है। मॉनिटर पर अंदर की स्थिति देखते हुए उसी छेद से अन्य बारीक औजारों से सर्जरी की जाती है। एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सुरेंद्र चौपड़ा इंडियन स्पाइन सेंटर दिल्ली में एसआर शिप कर चुके हैं। लैमिनेक्टॉमी सर्जरी में स्पाइनल स्टेनोसिस के कारण होने वाले तंत्रिका दबाव को दूर करने के लिए स्पाइनल कैनाल को बड़ा किया जाता है। क्षतिग्रस्त डिस्क की जगह आर्टिफिशयल डिस्क इम्प्लांट की जाती है।

गंगनहर प्रणाली में 20 अप्रैल तक नहरबंदी

- किसी काश्तकार द्वारा विरोध किया जाता है, तो उसके विरूद्ध कार्यवाही अमल में लाई जायेगी

श्रीगंगानगर, (कासं)। गंगनहर प्रणाली में 1 से 20 अप्रैल तक नहरबंदी रहेगी। इस परिपेक्ष्य में गंगनहर प्रणाली की नहरों में नहरबंदी से पूर्व उपलब्ध पानी से पेयजल भण्डारण सुनिश्चित करने हेतु 25 मार्च से आगामी आदेशों तक बाराबंदी स्थगित की जाती है।

जल संसाधन के अधीक्षण अभियंता धीरज चावला ने बताया कि वर्तमान में जो नहरें वरीयता अनुसार रेग्युलेशन में हैं, उनमें प्राथमिकता पेयजल की रहेगी तथा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को पेयजल हेतु बरमा लगाने की अनुमति दी जाती है। यदि किसी काश्तकार द्वारा विरोध किया जाता है, तो उसके विरूद्ध कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। इन नहरों को पानी की उपलब्धता अनुसार कभी भी बंद किया जा सकता है तथा बंद होने के साथ ही इन नहरों की बाराबंदी भी स्वतः स्थगित हो जायेगी। पेयजल की सुनिश्चितता हेतु जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की मांग पर संबंधित अधिशाषी अभियंता, जल संसाधन खंड द्वारा मोघे बंद किए जा सकेंगे।

राजस्थानी कविताओं ने समां बांधा

नोखा, (कासं)। अखिल भारतीय साहित्य परिषद नोखा इकाई ने काव्य गोष्ठी का आयोजन किया। इस अवसर पर नोखा के वरिष्ठ कवि इंद्रचंद वैद ने नव संवत्सर का स्वागत किया। उन्होंने हिन्दी और राजस्थानी कविताओं से श्रोताओं का मन मोह लिया।

विजय कुमार तिवाड़ी ने राष्ट्र प्रेम पर आधारित कविता प्रस्तुत की। उनकी पंक्तियां 'मैं राष्ट्र धर्म का अनुयायी, बिकना मुझे स्वीकार नहीं ' श्रोताओं के बीच खूब सराही गई। दीपक कुमार गंगानगरी की गजल 'कोई तदबीर नहीं कारगर, दर्द यूं ही बाकी है..' ने सभी को भाव विभोर कर दिया। वरिष्ठ कवियत्री उर्मिला तापडिया ने सामाजिक समरसता पर काव्य पाठ किया।

खाद्य सुरक्षा में अपात्र लोगों को चिन्हित कर नोटिस जारी किया

- गिव अप अभियान के तहत अब तक 38 हजार लोगों ने स्वेच्छा से रियायती दर पर मिलने वाले राशन को छोड़ा

बीकानेर, (कासं)। सरकार द्वारा शुरू किए गए गिव अप अभियान के तहत अब तक 38 हजार लोगों ने स्वेच्छा से रियायती दर पर मिलने वाले राशन को छोड़ दिया है।

इस अभियान के तहत उन लोगों को चिन्हित किया जा रहा है, जो राशन कार्डधारी होने के बावजूद पात्रता की शर्तों को पूरा नहीं करते हैं। रसद विभाग ऐसे लोगों को नोटिस जारी कर रहा है। अब तक 200 लोगों को नोटिस जारी किए जा चुके हैं। इनमें से 100 लोगों ने रियायती दर का राशन छोड़ने का निर्णय लिया है। जिला रसद अधिकारी नरेश शर्मा ने बताया कि कई ऐसे लोग भी हैं, जिनके पास दो-तीन मंजिला मकान हैं और वे आर्थिक रूप से सक्षम हैं, फिर भी निशुल्क राशन उठा रहे थे। विभाग ने ऐसे अपात्र लोगों को चिन्हित कर नोटिस जारी किया है। यदि वे गिव अप अभियान के तहत राशन नहीं छोड़ते हैं, तो उनसे बाजार दर पर राशन की वसूली की जायेगी।

रसद अधिकारी नरेश शर्मा ने बताया कि जो लोग सक्षम हैं और राशन छोड़ रहे हैं, उनका लाभ असली जरूरतमंद परिवारों को मिलेगा। ऐसे कई परिवार सामने आये हैं, जो आर्थिक रूप से संपन्न होते हुए भी सरकारी सब्सिडी का लाभ उठा रहे थे। सब्सिडी का भार कम होने से सरकार अन्य कल्याणकारी योजनाओं में ज्यादा निवेश कर सकेगी।

इस सप्ताह के अंत तक गिव अप अभियान में राशन छोड़ने वालों की संख्या 40 हजार तक पहुंच जायेगी। रसद विभाग के सूत्रों और जांच दलों की मदद से अपात्र लोगों की पहचान की जा रही है। जिन लोगों को अब तक नोटिस दिए गए हैं, उनमें कई समृद्ध परिवार भी शामिल हैं।

मीणा समाज ने मीन मत्स्य जयंती पर 21 बच्चों को सम्मानित किया

बीकानेर, (कासं)। मीणा समाज द्वारा शिव मंदिर खान कॉलोनी बीकानेर में मीणा समाज के आराध्य देवता मीन भगवान पूजा-अर्चना करके मत्स्य जयंती धूमधाम से मनाई गई।

मीणा समाज के अध्यक्ष बाबूलाल मीणा (छोलक) ने इस अवसर पर कहा कि पेड़ हमारे जीवन के लिए अहम है। श्मशान भूमि में पौधारोपण कर साफ सफाई की गई। समाज को और आगे बढ़ाया जाये और समाज के विकास कार्यों में भी अपना योगदान देने का आव्हान किया। समाज के सभी भाईयों से निवेदन किया गया कि समाज को एकजुट होकर श्मशान भूमि को स्वर्ग जैसा बनाया जाये। समाज के लिए मदनलाल मीणा अपने पिता स्व. छगन लाल की बरसी पर परिवार की तरफ से श्मशान भूमि के लिए चार पंखे भेंट किए। गायों को गुड़ खिलाया और समाज के 21 बच्चों को सम्मानित किया गया। मीणा समाज ने शिक्षा पर जोर दिया। समाज के मोहन लाल मीणा, रामचंद्र मीणा, जगदीश मीणा, लालचंद मीणा, महेन्द्र मीणा, पिंटू मीणा, तुलसी मीणा, संपत मीणा, श्यामसुंदर मीणा, अभिषेक मीणा, हिमांशु मीणा, संजय मीणा, जितेन्द्र मीणा, करणलाल मीणा, नाथूराम आदि ने अपना योगदान दिया।

बीकानेर में खान कॉलोनी स्थित शिव मंदिर में मीणा समाज ने मीन मत्स्य जयंती मनाई।

खेल अकादमियों में चयन स्पर्धा 7 से 21 तक

श्रीगंगानगर,(कासं)। खेल परिषद द्वारा संचालित खेल अकादमियों की चयन स्पर्धा वर्ष 2025-26 के लिये 7 से 21 अप्रैल तक चयन स्पर्धाएं आयोजित होगी।

जिला खेल अधिकारी सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि 7 से 8 अप्रैल तक बालिका फुटबाल अकादमी कोटा में बालिका के लिये, बालक फुटबाल अकादमी जोधपुर में बालक वर्ग, बालक कुश्ती अकादमी भरतपुर में बालक व बालक साईक्लिंग अकादमी बीकानेर में बालक वर्ग की चयन स्पर्धा होगी। इसी प्रकार 9 से 10 अप्रैल तक बालक एथलेटिक्स अकादमी श्रीगंगानगर में बालक वर्ग के लिये, बालिका एथलेटिक्स अकादमी जयपुर में बालिका वर्ग, बालक एथलेटिक्स अकादमी अजमेर में बालक, पेरा खेल अकादमी जयपुर में बालक वर्ग के लिये चयन स्पर्धाएं होगी। 15 से 16 अप्रैल तक बालिका वॉलीबाल अकादमी जयपुर में होगी।

बीकानेर से रवाना होने वाली ट्रेनों के समय और रूट में बदलाव

- रेलवे ने निर्माण और मरम्मत कार्यों के चलते कई गाड़ियों का समय परिवर्तन किया

बीकानेर, (कासं)। रेलवे ने निर्माण और मरम्मत कार्यों के चलते कई गाड़ियों का समय परिवर्तन किया है। वहीं कुछ गाड़ियों के रूट में परिवर्तन कर दिया है। इसमें बीकानेर मंडल की गाड़ियां शामिल है।

रोहतक, भिवानी सहित अनेक स्टेशनों से गुजरने वाली इन गाड़ियों के संचालन में परिवर्तन हुआ है। गाड़ी संख्या 14717, बीकानेर-हरिद्वार रेलसेवा जो 21, 23, 25, 28, 30 अप्रैल, दो, पांच, सात व नौ मई को 09 ट्रिप के लिए बदलाव किया गया है। ये रेल बीकानेर से प्रस्थान करेगी, व रेलसेवा परिवर्तित मार्ग हिसार-भिवानी बाईपास-रोहतक होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा भिवानी सिटी स्टेशन पर ठहराव करेगी।

गाड़ी संख्या 14718, हरिद्वार-बीकानेर रेलसेवा जो 22, 24, 26, 29, अप्रैल और एक, तीन, छह, आठ व दस मई को 9 ट्रिप हरिद्वार से प्रस्थान करेगी। वह रेलसेवा परिवर्तित मार्ग रोहतक- भिवानी बाईपास-हिसार होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा भिवानी सिटी स्टेशन पर ठहराव करेगी। गाड़ी संख्या 14029, श्रीगंगानगर-दिल्ली रेलसेवा जो 22.04.25 से 07.05.25 तक (16 ट्रिप) श्रीगंगानगर से प्रस्थान करेगी। वह रेलसेवा परिवर्तित मार्ग हिसार-भिवानी बाईपास-रोहतक-रेवाडी होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा भिवानी सिटी, रोहतक व झज्जर स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

गाड़ी संख्या 14030, मेरठ कैंट-श्रीगंगानगर रेलसेवा जो 22 अप्रैल से 7 मई तक (16 ट्रिप) मेरठ कैंट से प्रस्थान करेगी। वह रेलसेवा परिवर्तित मार्ग रेवाडी-रोहतक-भिवानी बाईपास-हिसार होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा झज्जर, रोहतक व भिवानी सिटी स्टेशनों पर ठहराव करेगी। गाड़ी संख्या 19415, अहमदाबाद-श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा रेलसेवा जो 27 अप्रैल व 4 मई को (02 ट्रिप) अहमदाबाद से प्रस्थान करेगी। वह रेलसेवा परिवर्तित मार्ग रेवाडी-रोहतक-भिवानी बाईपास-हिसार होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा झज्जर, रोहतक व भिवानी सिटी स्टेशनों पर ठहराव करेगी। गाड़ी संख्या 12555, गोरखपुर-बठिण्डा रेलसेवा जो 21 अप्रैल से 10 मई तक 20 ट्रिप गोरखपुर से प्रस्थान करेगी। वह रेलसेवा परिवर्तित मार्ग रोहतक-भिवानी बाईपास-हिसार होकर संचालित होगी।